आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 07.10.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड सरकार ने सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों से मंडुवे की खरीद शुरू की; इस वर्ष 50 हजार कुंतल मंडुवा खरीद का लक्ष्य।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश में दस दिवसीय सरस आजीविका मेले का शुभारम्भ किया; स्थानीय उत्पादों की खरीद पर दिया जोर।
- प्रदेश सरकार, राज्य की वृद्ध और असहाय महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक तथा भावनात्मक संबल देने के लिए जल्द एक नई योजना शुरू करेगी।
- राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी से तापमान में गिरावट, आज भी बारिश और बर्फबारी की संभावना।

## मंडुवे की खरीद

उत्तराखंड सरकार ने राज्यभर की 211 सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों से मंडुवे की खरीद शुरू कर दी है। इस वर्ष मंडुवे की खरीद 48 रुपए छियासी पैस प्रति किलो के समर्थन मूल्य पर की जा रही है, जो पूर्व में मात्र 18 रुपए थी। राज्य सहकारी संघ ने इस साल 50 हजार कुंतल मंडुवा खरीदने का लक्ष्य तय किया है।

सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि सरकार का उद्देश्य किसानों की आमदनी बढ़ाने और लोगों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के साथ ही मिलेट मिशन को प्रोत्साहन देना है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के ऑर्गेनिक मिलेट्स की मांग देश और विदेश में तेजी से बढ़ रही है, जिससे राज्य के पहाड़ी उत्पादों को वैश्विक पहचान मिलेगी।

सहकारिता मंत्री ने बताया कि पिछले वर्ष लगभग दस हजार किसानों से 31 हजार 640 कुंतल मंडुवा खरीदा गया था, जबकि इस बार पचास हजार कुंतल खरीद का लक्ष्य रखा गया है।

राज्य सहकारी संघ के प्रबंध निदेशक आनंद शुक्ला ने बताया कि प्रत्येक कुंतल पर समितियों को 100 रुपये अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर और अधिक क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

सरस आजीविका मेला

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश में आयोजित दस दिवसीय सरस आजीविका मेले का शुभारम्भ किया। उन्होंने मेले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत क्लस्टर स्तरीय फेडरेशन– सी.एल.एफ. के लिए एक करोड़ बीस लाख रुपये की 12 आर्थिक गतिविधियों का लोकार्पण और 10 अन्य सी.एल.एफ. के लिए 1 करोड़ रुपये की प्रस्तावित गतिविधियों का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरस मेला ग्रामीण संस्कृति, कौशल और उद्यमिता को राष्ट्रीय पहचान देने का मंच है। ऐसे मेले आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल के मंत्र को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने लोगों से स्वदेशी उत्पाद अपनाने और ग्रामीण कारीगरों व मातृशक्ति के सपनों में निवेश करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब हम स्वदेशी उत्पाद खरीदते हैं तो यह केवल सामान की खरीद नहीं होती, बल्कि ग्रामीण कारीगरों और महिलाओं के सशक्तिकरण में योगदान होता है।

बाइट– मुख्यमंत्री, 29 सेकेण्ड

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने टिहरी क्षेत्र के लिये एक ऑनलाइन कोचिंग प्लेटफॉर्म का शुभारंभ भी किया, जिससे अब ग्रामीण क्षेत्रों के युवा अपने गांवों में रहकर जेईई और नीट जैसी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे।

सघन अभियान/सैंपल जांच

प्रदेश में बच्चों की सुरक्षा और जनस्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफ.डी.ए.), उत्तराखंड ने प्रतिबंधित और संदिग्ध कफ सिरप की बिक्री व वितरण के खिलाफ सघन अभियान शुरू किया है। अब तक 63 औषधियों के नमूने जांच के लिए भेजे जा चुके हैं।

आयुक्त डॉ. आर. राजेश कुमार के निर्देश पर प्रदेशभर में मेडिकल स्टोर्स, थोक विक्रेताओं और अस्पतालों में छापेमारी कर संदिग्ध औषधियों के सैंपल एकत्र किए जा रहे हैं। राजस्थान और मध्य प्रदेश में कफ सिरप से बच्चों की बीमारियों और मौत की घटनाओं के बाद यह अभियान एहतियातन और जनहित में चलाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि सभी जिलों में औषधि नियंत्रण अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे कफ सिरप के नमूने लेकर अधिकृत प्रयोगशालाओं को भेजें। उत्पादन कंपनियों से कच्चे माल के सैंपल लेकर भी जांच की जा रही है ताकि गुणवत्ता में कोई कमी न रहे।

अपर आयुक्त ने जनता से अपील की कि वे बिना चिकित्सक की सलाह के बच्चों को कोई भी कफ सिरप न दें और पुरानी या खुली दवाइयाँ बच्चों को बिल्कुल न दें। उन्होंने कहा कि पुरानी दवाइयाँ प्रभावशीलता खो देती हैं और बच्चों के लिए हानिकारक हो सकती हैं।

खेल विकास

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी में प्रस्तावित खेल विश्वविद्यालय और लोहाघाट में बनने वाले महिला स्पोर्ट्स कॉलेज के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन से प्रदेश के खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं मिलेंगी और राज्य खेल क्षेत्र में नई पहचान बनाएगा।

मुख्यमंत्री आवास में आयोजित खेल विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने राज्य में खेल अवसंरचना को मजबूत करने और युवाओं को खेलों के प्रति अधिक प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान तैयार की गई खेल सुविधाओं का नियमित रखरखाव और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने राज्यभर में नियमित खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन पर जोर देते हुए कहा कि न्याय पंचायत स्तर से लेकर विधायक, सांसद और मुख्यमंत्री चैंपियनशिप ट्रॉफी जैसी प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि खेल विभाग अग्निवीर भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं को आवश्यक सहयोग प्रदान करे।

समीक्षा बैठक

राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष भगवत प्रसाद मकवाना ने सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ हर हाल में उन्हें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

कल हरिद्वार में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने सफाई कर्मचारियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं और योजनाओं की समीक्षा की। एम.एस एक्ट के तहत सफाई कर्मचारियों के सर्वेक्षण और पंजीकरण की जानकारी स्पष्ट न मिलने पर उन्होंने नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों के अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की और बिना तैयारी के बैठक में शामिल होने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

नई योजना

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि है कि प्रदेश सरकार, राज्य की वृद्ध और असहाय महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और भावनात्मक संबल देने के लिए जल्द एक नई योजना शुरू करने जा रही है।

विधानसभा भवन स्थित सभागार में आयोजित बैठक में मंत्री रेखा आर्या ने महिला सशक्तिकरण विभाग के अधिकारियों और गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ विचार–विमर्श किया। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों से समाज की नींव मजबूत रहती है और उनकी सेवा करना सभी का दायित्व है।

श्रीमती आर्या ने बताया कि महिला सारथी योजना, महिला एवं बाल मुखी सहायता योजना और एकल महिला स्वरोजगार योजना के बाद अब वृद्ध महिलाओं के लिए विशेष योजना तैयार की जा रही है। यह योजना विशेष रूप से दुर्गम क्षेत्रों की असहाय महिलाओं को पोषण, देखभाल और भावनात्मक सहयोग प्रदान करेगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेशभर में जिलावार महिला सम्मेलन आयोजित कर वृद्ध महिलाओं से सीधे फीडबैक लिया जाएगा, ताकि उनकी समस्याओं को समझकर प्रभावी समाधान निकाला जा सके। महिला सशक्तीकरण व बाल विकास मंत्री ने अधिकारियों को योजना का मसौदा शीघ्र तैयार कर शासन से अनुमोदन लेने के निर्देश दिए।

मौसम/बर्फबारी

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में कल बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी दर्ज की गई, जिससे प्रदेश में ठंड ने दस्तक दे दी है। पिथौरागढ़ जिले के गूंजी, कुटी, नाभीढांग, ज्योलिंगकांग और मुनस्यारी की ऊंची चोटियों पर इस सीजन की पहली बर्फबारी हुई है।

वहीं, केदारनाथ और बदरीनाथ जैसे प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों में भी बर्फबारी हुई है। वहीं, बारिश ने मैदानी इलाकों में भी ठंड बढ़ा दी है।

इस बीच, मौसम विभाग ने आज भी राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का अनुमान जताया है। हालांकि कल से मौसम साफ होने की उम्मीद है।

कार्रवाई निर्देश

नैनीताल में वर्षा जल को सीवर लाइनों से जोड़ने वाले भवनों पर कार्रवाई की जाएगी। उत्तराखंड पेयजल अनुश्रवण समिति के उपाध्यक्ष दिनेश आर्या ने इसके निर्देश दिए हैं। राज्य अतिथि गृह नैनीताल क्लब में आयोजित बैठक में उन्होंने विधायक सरिता आर्या, जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, जिला पंचायत सदस्यों और पेयजल विभाग के अधिकारियों के साथ जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अधूरे निर्माण कार्य, क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों की मरम्मत और गांवों में पेयजल कनेक्शन न मिलने की शिकायतें रखीं।

उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि जो ठेकेदार समय पर कार्य पूरा नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध कार्रवाई कर शेष कार्यों की फिर से निविदा कराई जाए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को समय पर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना विभाग की जिम्मेदारी है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को 15 दिन के भीतर सभी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही नैनीताल शहर की हाइड्रेंट लाइनों को शीघ्र दुरुस्त कर 24 घंटे जलापूर्ति सुनिश्चित करने, भवाली की सीवरेज और पेयजल लाइनों पर तत्काल कार्यवाही करने और पटवाडांगर स्थित सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——

अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों के लिये एक कानून को मंजूरी, अमर उजाला की ख़बर है। समाचार पत्र के अनुसार राज्य में अब मदरसों में ही नहीं बल्कि अन्य शिक्षण संस्थानों के लिए भी एक समान कानून लागू होगा। राज्यपाल ने अल्पसंख्यक विधेयक 2025 को मंजूरी दे दी है।

वहीं मौसम से जुड़ी एक ख़बर पर दैनिक जागरण ने भारतीय भूविज्ञानिक सर्वेक्षण की ओर से जारी रिपोर्ट के हवाले से शीर्षक दिया है— टिहरी, रुद्रप्रयाग और चमोली में आज भारी भूस्खलन की चेतावनी।